लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन शुक्ल पक्ष द्वादशी 09:44 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 342, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, गुरुवार, 26 अक्टूबर 2023

PAGE NO : 02 TOP

● एसआरएमएस रिद्धिमा में थिएटर फेस्टिवल में नाटक का मंचन शाम 4 :00 बजे से ।

PAGE NO : 07 BOTTOM

रिद्धिमा में शुरू हुआ थिएटर फेस्ट

बरेली, अमृत विचार : बरेली में रंगमंच के संस्थापक जेसी पालीवाल को समर्पित तीसरे थिएटर फेस्टिवल की शुरुआत बुधवार को रिद्धिमा में मशहूर शायर वसीम बरेलवी ने की। उन्होंने बरेली में वरिष्ठ रंगकर्मी जेसी पालीवाल के योगदान को अहम बताया। पहला मंचन रिद्धिमा प्रोडक्शन की प्रस्तुति मैं अधर्मी क्यूं.. रावण से हुआ। अश्विनी कुमार द्वारा लिखित एवं शैलेन्द्र शर्मा निर्देशित इस नाटक में रावण के जन्म से लेकर मृत्यु तक कि कथा का मंचन हुआ। इसमें रावण के बाल रूप में लविश, युवा में निर्देशक शैलेन्द्र शर्मा और युद्ध के समय रावण की भूमिका विनायक श्रीवास्तव ने निभाई। इस मौके पर शायर प्रो. वसीम बरेलवी, देव मूर्ति, डॉ. नदीम खान आदि ने थर्ड थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष पुस्तक का विमोचन किया।